हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, मंगलवार, 9 अप्रैल 2024

9 रंगोली से किया मतदान के लिए जागरूक



10 कहीं नाले ओवरफ्लो, कहीं सड़कों पर लगे कूड़े के ढेर



**खबर संक्षेप**

### तापमान में हो रही बढ़ोतरी, प्रदूषण से राहत

**बहादुरगढ़।** गर्मी धीरे-धीरे बढ़ रही है। तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। सोमवार को इलाके में अधिकतम तापमान 38 डिग्री दर्ज किया गया, जो रविवार के मुकाबले तीन डिग्री अधिक था। बेशक गर्मी बढ़ रही है लेकिन फिलहाल इलाके की आबोहवा साफ है। लोगों को प्रदूषण से छुटकारा मिला हुआ है। सोमवार को औसतन एक्यूआई 142 दर्ज किया गया।

### ट्रेन में महिला के हाथ से निकाला सोने का ब्रेसलेट

**बहादुरगढ़।** रोहतक जाने के लिए इंटरसिटी गाड़ी में सवार हुई एक महिला के साथ वारदात हो गई। भीड़ का फायदा उठाकर किसी शातिर ने उसके हाथ से सोने का ब्रेसलेट निकाल लिया। वारदात पूजा के साथ हुई है। पूजा रोहतक की रहने वाली है। गत छह अप्रैल को दिल्ली से रोहतक जाने वाली इंटरसिटी गाड़ी में बहादुरगढ़ से सवार हुई। उसे रोहतक जाना था। इसी दौरान उसके साथ वारदात हो गई। पीड़िता का कहना है कि जब वह ट्रेन में थी तो एक महिला उसके पास आई थी। उसने रोहतक जाने के बारे में पूछा था। यकीनन उस महिला ने ही उसके साथ से 17 ग्राम का कड़ा निकाल लिया।

### हेल्पलाइन पर आइ 149 समस्याओं का समाधान

**झज्जर।** डीसी ने बताया कि लोकसभा चुनाव में वोट बनवाने संबंधित किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो पाए, इसके लिए वोटर हेल्पलाइन 1950 शुरू की गई है। अब तक वोटर हेल्पलाइन पर 149 काल पंजीकृत की गई। जिनका समाधान किया गया है।

# चैत्र नवरात्र पर्व आज से, सजे बाजार, श्रद्धालुओं ने की जमकर खरीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

- मां भीमेश्वरी देवी का मुख्य मेला 14 से 16 अप्रैल तक

सोमवार को दिनभर नवरात्र पर्व का उत्साह देखने को मिला। शहर के विभिन्न बाजार माता के पूजन सामग्री से सजे दिखाई दिए, वहीं श्रद्धालुओं ने भी जमकर खरीददारी की। अन्य दिनों की अपेक्षा बाजार में ग्राहकों की आवाजही अधिक रही। जिसके कारण दुकानदारों के चेहरों पर भी खुशी दिखाई दी। उधर, कस्बा बेरी स्थित मां भीमेश्वरी देवी मंदिर में भी लगने वाले मेले को लेकर प्रशासन द्वारा तैयारियां की गई है। एसडीएम रविंद्र मलिक ने बताया कि माता भीमेश्वरी देवी मंदिर में प्रत्येक श्रद्धालु को बिना किसी कठिनाई के माता के दर्शन हो सकें, इसके लिए प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। पहले नवरात्र से ही माता के दर्शन को श्रद्धालु आना शुरू हो जाते हैं। मेले में प्रशासन द्वारा सभी जरूरी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य मेला में आने वाले हर व्यक्ति को बिना किसी परेशानी के देवी के दर्शन हों,जिसके चलते संबंधित विभागों के अधिकारी तैयारियों को पूरा करने में लगे हुए हैं।



झज्जर। नवरात्र पर्व को लेकर खरीददारी करते हुए श्रद्धालु।

### श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लगेंगी एलईडी स्क्रीन

एसडीएम रविंद्र मलिक ने बताया कि मेला के कारण मंदिर परिसर में बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई जाएगी, जिससे दर्शन की कतार में लगे माता भक्तों को माता के दर्शन आसानी से हो सकें। उन्होंने बताया कि देवी दर्शन के चलते भीड़ होने के कारण कई बार दर्शन ठीक ढंग से नहीं हो पाते, ऐसे में मंदिर परिसर में बड़ी स्क्रीन लगाई जा रही है,जिससे बाहर से आने वाले श्रद्धालु माता के स्वरूप को आसानी से देखकर पूजा अर्चना कर सकेंगे।

### श्रद्धालुओं की भीड़ को लेकर चाक चौबंद रहेगी व्यवस्था

एसडीएम ने बताया कि आगामी 14 से 16 अप्रैल को लगने वाले मुख्य मेला में सप्तमी और अष्टमी के दिन मां भीमेश्वरी देवी के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। जिसके चलते सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहेगी। उन्होंने बताया कि मेला में किसी प्रकार की स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल मुस्तैद रहेगा। वहीं पूरे मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

# गैंगस्टर अमित की रिमांड अवधि समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

- डेढ़ महीने बाद भी अनसुलझी है पूर्व विधायक नफे सिंह राठी की हत्या की गुत्थी

पूर्व विधायक नफे सिंह राठी हत्याकांड में प्रोडक्शन वारंट पर लाए गए गैंगस्टर अमित गुलिया की रिमांड अवधि समाप्त हो गई है। मंगलवार को वह अदालत में पेश किया जाएगा। रिमांड अवधि में उससे क्या कुछ खुलासे हुए, अभी पुलिस ने यह स्पष्ट नहीं किया है। दरअसल, गत 25 फरवरी को पूर्व विधायक नफे सिंह राठी और उनके साथी कार्यकर्ता जयकिशन की गोलियां मारकर हत्या की गई थी। कार में सवार होकर आए चार बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दिया था। इनमें से दो शूटर आशीष, सौरव व गाड़ी उपलब्ध कराने वाले बदमाश धर्मेंद्र को जेल भेजा जा चुका है। इस हत्याकांड में ब्रिटेन बेस्ड गैंगस्टर कपिल सांगवान उफ नंदू का नाम सामने आ रहा है। मामले में पकड़े जा चुके तीन अपराधी व फरार अतुल तथा नकुल भी इसी गैंग के हैं। इस केस की तह तक जाने के लिए पुलिस मंडोली जेल में बंद नंदू के नजदीकी बदमाश अमित गुलिया को एक मार्च को प्रोडक्शन पर लाई थी।

### परिजनों व समर्थकों को न्याय का इंतजार

चर्चा है कि इसी ने शूटर सौरव व आशीष की व्यवस्था की तथा उन्हें सिग्नल एप से नंदू को संपर्क करने के लिए कहा था। पुलिस को उम्मीद थी कि मामले में अमित से कुछ अहम जानकारी मिल सकती है। इसलिए उसे आठ दिन के रिमांड पर लिया गया था। अभी तक पुलिस ने उससे विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए पूछताछ की लेकिन उसने क्या कुछ उगला, इस बारे में स्थिति स्पष्ट नहीं है। एक पुलिस कर्मी की मानें तो अमित से मामले में कोई खास जानकारी नहीं मिल सकी है। मामले में केवल तीन गिरफ्तारियों हो सकी हैं। परिजन व समर्थक न्याय के इंतजार में हैं।

*हरियाणा में भी अब लोगों में कला के प्रति रूचि उभर रही*

# कुशल प्रशिक्षण से बन रहा स्थानीय कलाकारों का सुनहरा भविष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

- प्राचीन कारीगर एसोसिएशन के साथ ही रूरल एंड अर्बन डेवलपमेंट फाउंडेशन ने उभरती प्रतिभाओं के लिए उपलब्ध करवाया मंच

देश के प्रख्यात शिल्पकार अपने हाथ का हुनर अब युवा पीढ़ी को भी सिखा रहे हैं। शहर की एचएल सिटी में चल रहे क्रॉफ्ट मेले में प्राचीन कारीगर एसोसिएशन तथा रूरल एंड अर्बन डेवलपमेंट फाउंडेशन ने उभरती प्रतिभाओं के लिए बेहतरीन प्लेटफार्म उपलब्ध करवाया है। शिल्पगुरु राजेंद्र बोंदवाल के अनुसार भारत की लोक कलाएं वैभवशाली व विविधता भरी हैं। यहां की समृद्ध शिल्प परम्परा को प्रोत्साहित करने व गांव-देहात के शिल्पकारों एवं लोक कलाकारों को आगे बढ़ाने की पहल करने की जरूरत है। इसी जरूरत को महसूस करते हुए युवा कलाकारों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

प्राचीन कारीगर एसोसिएशन के साथ ही रूरल एंड अर्बन डेवलपमेंट फाउंडेशन ने बहादुरगढ़ में कलाकारों को उनकी कला निखारने तथा उनके उत्पाद की बेहतर कीमत दिलवाने की दिशा में एक सामूहिक कदम बढ़ाया है। रूडफ के अध्यक्ष एवं नेशनल अवार्डी महाबीर बोंदवान के अनुसार हरियाणा में भी अब लोगों में कला के प्रति रूचि उभर रही है, जिसे प्रोत्साहित किए जाने की आवश्यकता है। सरकार के साथ आमजन को भी कला की कीमत को समझनी चाहिए। यह कलाकारों के लिए साधना है। दोनों संस्थाओं द्वारा बहादुरगढ़ में अब तक 10 हस्तशिल्प प्रदर्शनियां आयोजित की जा चुकी हैं। इसी क्रम में एचएल सिटी में भी दस दिवसीय क्रॉफ्ट मेला चल रहा है। यहां अलग से स्टॉल लगाकर नवोदित कलाकारों के उत्पाद को जगह दी गई है। शिल्पगुरु राजेंद्र बोंदवाल का कहना है कि प्राचीन भारत से लेकर आधुनिक भारत के कालक्रम में शिल्पकार को बहुआयामी भूमिका का निर्वाह करने वाले व्यक्ति के रूप में देखा गया है। शिल्पकार शिल्पवस्तुओं के निर्माता और विक्रेता के अलावा समाज में डिजाइनर, सर्जक, अंवेषक और समस्याएं हल करने वाले व्यक्ति के रूप में भी कई भूमिकाएं निभाता है। रुडफ की इस नई शुरूआत में कई नेशनल व स्टेड अवार्डी कलाकार भी सांझीदार हैं।




बहादुरगढ़। एचएल सिटी क्रॉफ्ट मेले में युवाओं को प्रशिक्षित करती अर्चना पंवार।

### सांझी आर्ट लोगों का मन मोह रहा

बता दें कि वर्ष 2004 में नेशनल अवार्ड प्राप्त करने वाले चंद्रकांत बोंदवाल, वर्ष 2013 में नेशनल मेरिट सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाले सूर्यकांत बोंदवाल और वर्ष 2015 में स्टेट अवार्ड जीतने वाले नीरज कुमार दिन-रात वुड कार्विंग में जुटे रहते हैं। बोंदवाल बंधुओं के काम को देखकर एहसास होता है कि शिल्पकार जिस जीवंतता के साथ कार्य करता है, वह उसे एक सांस्कृतिक प्राणी और सौंदर्योपासक बना देती है। वहीं वर्ष 2014 में नेशनल मेरिट सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाली अर्चना पंवार के क्ले व पेपर प्रॉडक्ट्स बरबस ही कलाप्रेमियों को आकर्षित करते हैं। इसके अलावा ममता का क्ले आर्ट और ज्वैलरी भी प्रभाव छोड़ रहे हैं। पारुल वर्मा की पेपर क्विलिंग के अलावा साक्षी गर्ग का सांझी आर्ट लोगों का मन मोह रहा है। वर्ष 2016 की स्टेट अवार्ड विजेता ज्योति शर्मा की मधुबनी पेंटिंग्स देखकर कलाप्रेमी ठहर जाते हैं। ट्विंकल शर्मा, देव, उषा, विभु व लक्ष्य धनखड़ की तूलिकाओं से तैयार पेंटिंग्स भी अपनी छाप छोड़ रही हैं।



FOR ENQUIRIES/ BOOKING CALL:
8059888800
Lohchab Motor Company Pvt. Ltd.
BAHADURGARH : 7KM STONE, BAHADURGARH - JHAJJAR ROAD, VPO NUNA MAJRA, BAHADURGARH
JHAJJAR : TEHSIL ROAD, NEAR DRINKING WATER SUPPLY, JHAJJAR



चैत्र नवरात्र
विशेष

चैत्र नवरात्र वसंत के समय आता है, ऐसे में जहां प्राकृतिक परिवर्तन पुराने आवरण को त्यागकर नएपन को वरण करने का संदेश देता है, वहीं मां शक्तिस्वरूपा की पूजा-अर्चना से मन में व्याप्त दुर्बलता को मिटाने, नवशक्ति-नवऊर्जा के आह्वान की कामना का शुभ अवसर भी प्राप्त होता है। इसीलिए स्त्रियां इस पावन अवसर पर पूरी आस्था से मां भगवती की आराधना करती हैं, अपने और अपनों के जीवन में नवचेतना का संचार करती हैं।

# मन की शक्ति जुटाने का पावन पर्व

आवरण कथा / डॉ. मोनिका शर्मा

प्रकृति के नएपन और उल्लास के बीच चैत्र नवरात्र, मन में नव ऊर्जा जगाने का माध्यम बनते हैं। नव उल्लास लिए आस्था के ये नौ दिन मां शक्ति को साधने का अवसर तो हैं ही, स्वयं अपने मनोबल को जुटाने के दिन भी हैं। ईश्वरीय आस्था की ओज और मन का बल पाने के इन उत्सवीय दिनों को स्त्रियां बेहद प्रेम और उत्साह के साथ मनाती हैं। उपवास, अनुष्ठान, अपनों की कुशलता की कामना और मां आदिशक्ति की उपासना। सब कुछ मन से जुड़ा सा। अपनेपन को पोसता सा। कठिनाइयों पर जीत और सुख के दौर में संयमित रहने की चाह लिए। नवरात्र में स्त्रियां, मां भगवती से हर जद्दोजहद, हर परिस्थिति में विजयी होने का आशीष मांगती हैं।

## मन का सकारात्मक रुख

नवरात्र में मां दुर्गा की विशेष पूजा-अर्चना करने से सुख और समृद्धि की प्राप्ति होती है, यह मान्यता भर नहीं है। इन नौ दिनों में मन सचमुच सकारात्मक रुख अपना लेता है। उपासना के नियम जीवन में अनुशासन ले आते हैं। घर में सकारात्मक ऊर्जा दस्तक देती है। सब कुछ अच्छा होने का विश्वास प्रबल होता है। खिले-खिले प्राकृतिक परिवेश में यह महापर्व आस्था और विश्वास के जरिए मन की असीम शक्तियों से मिलवाता है। महिलाएं, नव पल्लवों से सज रहे कुदरत के पोर-पोर और इठलाती धरा के इस मौसम में उल्लासमयी ऊर्जा और सकारात्मक सोच पाने का आह्वान करती हैं। आस-पड़ोस की स्त्रियां मिलकर भी कई साझे अनुष्ठान करती हैं। घर-परिवार के साथ-साथ परिवेश और समाज की खुशहाली की भी कामना करती हैं। स्त्रीमन में मौजूद यह साझा भाव मां शक्ति के और करीब ले जाता है। महादेवी की उपासना के इस पर्व को मनाते हुए उनका मन प्रफुल्लता, स्फूर्ति और तेजस्विता से भर उठता है। असल में जीवन के हर पक्ष पर मौजूद परिस्थितियां महिलाओं को गहराई से प्रभावित करती हैं। यही वजह है कि उनकी आस्था भी साझे सरोकार से जुड़ी होती है।

## नई शुरुआत का अवसर

चैत्र नवरात्र से ही हिंदू नव वर्ष, नवसंवत्सर की शुरुआत होती है। नव वर्ष की शुरुआत का यह दिन सृष्टि के आरंभ का भी दिन माना जाता है। इस समय प्रकृति भी मन जीवन की नई चेतना जगाने का संदेश देती नजर आती है। पेड़ों पर फूटती कोपलें समझाती हैं कि पतझड़ के बाद नयापन भी दस्तक देता है। जीवन के इन बदलते रंगों को स्त्रियां बखूबी समझती हैं। कभी मन का हरापन तो कभी हालात का रूखापन। कभी रिश्तों की बदलती परिभाषा तो कभी समाज के सख्त बंधन। माता-पिता का घर छोड़ अपनी गृहस्थी बसाने से लेकर प्रसव पीड़ा झेलकर नया जीवन पाने तक, महिलाएं जीवन में कई बार नई शुरुआत करती हैं। नएपन के प्रति मन में सहज स्वीकार्यता रखती हैं। मौसम की बदलती करवट के साथ आने वाला माता भगवती के पूजन का यह उत्सव भी मन-



जीवन को नएपन से जोड़ता है। जड़ता और ठहराव को दूर करती ऊर्जा का संचार करते वासंतिक नवरात्र, चेतना और सजगता के साथ नई शुरुआत करने का संदेश देते हैं। स्त्रियां भी उम्र और परिस्थितियों के मुताबिक माता दुर्गा से नई शुरुआत की दिशा में आगे बढ़ने और जागृत सोच को व्यावहारिक धरातल पर उतारने का मानसिक बल और आशीष मांगती हैं।


## मन-जीवन के धरातल से जुड़ा पक्ष

स्त्रियों की सोच और बर्ताव दोनों जीवन के व्यावहारिक पक्ष से जुड़े होते हैं। उनकी यह समझ समाज और परिवार की धुरी है। जीवन को वास्तविक धरातल पर पोसती है। समझना जरूरी है कि नवरात्र का पर्व सिर्फ धार्मिक आस्था से ही नहीं, जीवन के बहुत से व्यावहारिक पहलुओं से भी जुड़ा है। नौ दिन के उत्सवीय अनुष्ठान के पीछे वैज्ञानिक चिंतन लिए तार्किक पक्ष भी शामिल है। *'सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके। शरण्ये त्रयम्बके गौरी नारायणी नमोस्तुते'* यानी 'हे मां आप सब कुछ शुभ करने वाली हैं, आप कल्याणकारी हैं, आप सबके मनोरथों को पूरा करने वाली हैं, आप शरण ग्रहण करने योग्य हैं। हे नारायणी आपको हमारा प्रणाम हैं।' इस मंत्र के कल्याणकारी भाव का वास्तविक रूप जीवन में देखने को मिलता है। हर साल ऋतु परिवर्तन के इस समय कई तरह के मौसमी रोग फैलते हैं। नवरात्र में खान-पान का अनुशासन और सबकी कुशल कामना से जुड़ा आस्था का भाव इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है। प्रार्थना, जप और ध्यान हर इंसान को भय, अवसाद, कटुता और नकारात्मक विचारों से दूर रखते हैं। सात्विक आहार, उपवास और सधी दिनचर्या शरीर और मन को विषमुक्त करती है। विचार और व्यवहार का यह अनुशासन इस मौसमी बदलाव के दौर में भी स्वस्थ और सक्रिय रहने की ऊर्जा देता है। ऐसी स्थितियां हर मनोरथ को पूरा करने वाली परिस्थितियां बनाती हैं। सभी के लिए कल्याणकारी साबित होती हैं। ❀

### हौसला जुटाने का अनुष्ठान

मां के रूप में स्वयं महिलाओं को भी अपने बच्चों को हिम्मत के साथ जीना सिखाना होता है। परिस्थितियों से जूझने का पाठ पढ़ाना होता है। ऐसे में इस महापर्व पर आस्था और विश्वास से भरे मन की असीम शक्तियों को साधते हुए महिलाएं जीवन रण में जीतने का आशीर्वाद भी मांगती हैं। सब कुछ संभालते स्वयं को बचाए रखने का बल जुटाती हैं। नया रचने, सीखने और समझने के कामों से जुड़े रहने की चाह रखने वाली स्त्रियां जीवन के हर मोर्चे पर खुद को साबित करने का हौसला चाहती हैं। दायित्वों के निर्वहन की भाग-दौड़ में अधिकतर स्त्रियां अपनी शक्ति को भुला बैठती हैं। अपने ही गुणों की उपेक्षा करती हैं। संबंधों को सहेजने के लिए उनका संवेदनशील मन झुकना-सहना सीख जाता है। दुखद है कि कई बार इन मानवीय गुणों का मोल नहीं समझा जाता। ऐसे में स्वयं के लिए लड़ने की दरकार होती है। नकारात्मकता का प्रतिकार आवश्यक हो जाता है। अपनी शक्ति को समझने का जतन जरूरी लगने लगता है। महिलाएं, मां भगवती से अपने इसी सामर्थ्य को पहचानने का वर मांगती हैं। मान्यता है कि नवरात्र में मां शक्ति की पूजा कर प्रभु श्रीराम ने भी शक्ति जाग्रत की थी। यही कारण है कि मां गौरी की उपासना का यह उत्सव आध्यात्मिक और पारंपरिक पर्व तो है ही, अपने सामर्थ्य को पहचानने का पावन अनुष्ठान भी है।

# आत्मसम्मान के साथ हासिल करें अपना मुकाम



आप घरेलू महिला हों या कामकाजी, अपना स्वाभिमान-आत्मसम्मान बनाकर रखिए। इसके लिए जरूरी नहीं कि आप मुखर हों, सबसे बहस करें। अपनी समझदारी और विनम्रता से आप सबके बीच सम्मान पा सकती हैं, अपनी सफलता की राहें बना सकती हैं।

आत्मप्रेरणा / शिखर चंद जैन

कई महिलाएं अच्छी-खासी पढ़ी-लिखी और काबिल होती हैं, लेकिन अकसर अपने परिवार, अपनी सोसायटी और वर्कप्लेस पर लोगों के सामने दबी-सहमी सी रहती हैं। ये महिलाएं 'लो' फील करती हैं, दूसरों के सामने कुछ कहने में हिचकती हैं। इन्हें लगता है कि अपने विचार रखने पर कहीं उनकी छवि मुंहफट या झगड़ालू महिला की न बन जाए। यहां यह भी समझना होगा कि अगर आप यह सोचती हैं कि अपने स्वाभिमान-आत्मसम्मान और अस्तित्व को बनाए रखने के लिए मुखर होने, लड़ाई-झगड़े करने या शोर मचाने की जरूरत होती है, तो ऐसा कुछ नहीं है। आप कुछ बातों का ध्यान रखकर विनम्रता के साथ अपना आत्मसम्मान बनाए रख सकती हैं, स्ट्रॉन्ग और सक्सेसफुल वूमेन बन सकती हैं।

**खुद को न समझें कमतर:** अकसर होममेकर या वर्किंग वूमेन भी खुद को कमतर आंकती हैं। चाहे हॉबी हो या खान-पान की पसंद, अपनी च्वाइस को दरकिनार कर अपने परिवार के सदस्यों की पसंद को ही महत्व देती हैं। कभी-कभी ऐसा करना व्यावहारिक भी है और उचित भी। लेकिन अगर आप हमेशा कंप्रोमाइज करके अपनी पसंद की कुर्बानी देती रहेंगी तो धीरे-धीरे घर के दूसरे लोग आपको 'टेकेन फॉर ग्रांटेड' लेंगे और वे सिर्फ अपने बारे में सोचेंगे। जाहिर है, तब आपकी पसंद-नापसंद के बारे में न कोई पूछेगा और न ही उसे खास तवज्जो देगा। इससे आप अपने आपको अपमानित और उपेक्षित महसूस करेंगी।

**कंफर्ट जोन में रहने की आदत छोड़ें:** याद रखें, कामयाबी की राह कभी आसान नहीं होती। अगर आपको आगे बढ़ना है, समाज-परिवार में सम्मान पाना है, तो आराम और सुविधा से ही सब कुछ हासिल करने के प्रयास आपके लिए नुकसानदायक होंगे। हमेशा कंफर्ट सिचुएशन में रहने की बजाय आपको उन कामों के लिए मेहनत करनी होगी, जिनसे आप आगे चलकर मजबूत बनें और खुद को स्थापित कर सकें। इसके लिए आपको क्रिएटिव और मेहनती बनना होगा, आगे बढ़कर लोगों के बीच अपनी पहचान कायम करनी होगी।

**अपने प्रियजनों का रखें ध्यान:** कई बार हम अतिरेक में या ओवर कॉन्फिडेंस में ऐसे लोगों की उपेक्षा करने लगते हैं, जो हमारी जिंदगी में अहम जगह रखते हैं। अपने नजदीकी संबंधियों और मित्रों को कभी नजरअंदाज न करें। ये लोग ही आपके अच्छे और बुरे समय में आपके साथ आकर खड़े होंगे। ये आपके सपोर्ट सिस्टम का खास हिस्सा होते हैं, यही आपको सही सलाह देते हैं। इसलिए जिंदगी में आगे बढ़ते रहने के लिए अपने रिश्ते मजबूत रखने जरूरी हैं।

**अपने अंतर्मन की सुनें:** अगर किसी सिचुएशन या व्यक्ति के बारे में आपका दिल कुछ कहता है, तो अपने दिल की बात सुनें। अंतर्मन की आवाज कभी गलत नहीं होती, आपको उस पर पूरा भरोसा करना चाहिए। जब आप खुद पर यकीन करना सीख जाएंगी, तो आपका आत्मविश्वास बढ़ जाएगा, दूसरे लोग भी आप पर यकीन करेंगे। ❀

### वित्तीय मामलों में रहें आत्मनिर्भर



आप घरेलू महिला हैं, आपको छोटे-छोटे खर्चों के लिए घर के पुरुष सदस्यों के सामने हाथ फैलाना पड़ता है, तो सबसे पहले इस स्थिति से बाहर निकलें। यदि आपको घर के काम से जरा भी फुर्सत नहीं मिलती है तो खुलकर कह दें कि आपको हर महीने एक निश्चित रकम पति या बेटा बिना मांगे दें। यदि ऐसा नहीं हो तो आप घर के कुछ काम दूसरों के जिम्मे सौंपकर अपना आत्मसम्मान बनाए रखने के लिए अपनी आय के स्रोत बनाकर वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनें। भले ही आप कोई फुलटाइम जॉब न करें, लेकिन कम से कम इतना जरूर करें, जिससे आपकी नियमित आय हो, इससे आपके छोटे-मोटे खर्चे पूरे होंगे। ऐसा कोई भी काम आप घर से भी कर सकती हैं।

नवरात्र के दौरान कई लोग पूरे नौ दिन व्रत रखते हैं। अगर आप भी व्रत रख रही हैं तो इस दौरान अपनी डाइट का पूरा ध्यान रखना होगा, ताकि किसी तरह की स्वास्थ्य समस्या का आपको सामना न करना पड़े।

# व्रत के दौरान रखें अपनी डाइट का ध्यान

डाइट सजेशन
आशु गुप्ता, डाइटीशियन



नवरात्र में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करने के साथ ही आप व्रत भी जरूर रखेंगी। लेकिन अगर आप पूरे नौ दिनों तक व्रत रखने वाली हैं तो आपको अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना होगा, इसके लिए व्रत के दौरान आपको सही और पौष्टिक आहार लेना चाहिए। इससे आपको डाइजेशन संबंधी कोई परेशानी नहीं होगी और आप हेल्दी और एनर्जेटिक भी महसूस करेंगी। व्रत के दौरान कैसी हो आपकी डाइट, आपके लिए जरूरी सजेशन-



**डेयरी प्रोडक्ट्स :** नवरात्रों के दौरान व्रत में खाने योग्य कई तरह के स्नैक्स मार्केट में मिलने लगते हैं। लेकिन इनमें से कई स्नैक्स हेल्थ के लिए फायदेमंद नहीं होते हैं। इनके बजाय आप डेयरी प्रोडक्ट्स का सेवन कर सकती हैं। आप दही खा सकती हैं या दूध पी सकती हैं, इससे आपको व्रत में पाचन संबंधी परेशानी नहीं होगी। कुछ लोग दूध का शेक बनाकर पी लेते हैं। इससे बहुत ज्यादा कैलोरी इनटेक होने की वजह से आपको लूज मोशन होने की आशंका रहती है। इसलिए इसके बजाय सादा गुनगुना दूध ही पिएं।

**खूब पानी पिएं :** मौसम में बढ़ती गर्मी को देखते हुए आपको व्रत के दौरान पानी की उचित मात्रा पीने की आवश्यकता होती है। इसलिए आप पूरे दिन में दो से तीन लीटर पानी जरूर पिएं। इससे आपकी बॉडी हाइड्रेट रहेगी और पानी की कमी की वजह से होने वाली प्रॉब्लम्स से आप बची रहेंगी। व्रत में बॉडी हाइड्रेट रहती है तो शरीर को ज्यादा परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता है।



**ड्राय फ्रूट्स :** आप जानती ही होंगी कि सूखे मेवे यानी ड्राय फ्रूट्स में कई तरह के पोषक तत्व होते हैं, जो शरीर को हेल्दी रखने में बहुत सहायक होते हैं। इसलिए व्रत के दौरान आप ड्राय फ्रूट्स भी खा सकती हैं। लेकिन ध्यान रहे कि आप मेवों को सूखा न खाकर इन्हें कुछ देर के लिए पानी में भिगोने के बाद खाएं। सूखे मेवे शरीर में ड्रायनेस बढ़ा देते हैं लेकिन जब आप इन्हें भिगोकर खाती हैं तो इनकी तासीर बदल जाती है और ये ज्यादा फायदेमंद साबित होते हैं।

**फ्रूट्स-वेजिटेबल्स:** अगर आप नवरात्र में पूरे नौ दिन व्रत रखने वाली हैं तो इस बात का ध्यान रखना होगा कि इस दौरान शरीर में जरूरी पोषक तत्वों की कमी न हो जाए। इसके लिए व्रत के दौरान आपको फल और सब्जियों का सेवन करते रहना चाहिए। फलों में खरबूजा और तरबूज आप खा सकती हैं। अगर आप इनको खाएंगी तो आपके शरीर में पानी की कमी पूरी होने के साथ आपका पेट भरा हुआ महसूस होगा। इनके अलावा आप अन्य फलों जैसे सेब, अंगूर, संतरा या केले का भी सेवन कर सकती हैं। इसी तरह आप सलाद भी खा सकती हैं। एक प्लेट ताजी सब्जियों का सलाद आपके लिए बहुत फायदेमंद होगा। इसमें मौजूद पोषक तत्वों की वजह से आपको कमजोरी नहीं महसूस होगी। सलाद में आप खीरा, टमाटर, चुकंदर, ककड़ी, गाजर आदि खा सकती हैं। अगर आप कुछ चटपटा खाना चाहती हैं तो फलों और सब्जियों की चाट बनाकर भी खा सकती हैं। ❀

प्रस्तुति: निधि गोयल

परवरिश / सरस्वती रमेश

# बेटियों को सशक्त बनाना ही है असली कन्या पूजन



नवरात्र में हम कन्या पूजन कर बेटियों को सम्मान देते हैं। लेकिन क्या इस तरह सिर्फ सम्मान कर देना काफी है? या इस असुरक्षित समय में अपनी बेटियों, परिवार, पड़ोस की बच्चियों को मां दुर्गा के समान ही शक्ति-पुंज बनाने की जरूरत है? निश्चित ही बेटियों को सशक्त बनने की जरूरत है। इसके लिए हमें रखना होगा कुछ बातों का विशेष ध्यान-

**भेदभाव न करें:** हमारे घर-परिवार और समाज में बेटे-बेटी की परवरिश में आज भी भेद किया जाता है। बेटा है तो क्रिकेट, फुटबॉल खेलने बाहर जाएगा। बेटी है तो घर के अंदर ही गुड्डे-गुड़ियों से खेलेगी। समाज की एक और सोच लड़कियों को फिजिकली फिट रहने से रोकती है। यह सोच है उछल-कूद करने वाली, दौड़ने-भागने वाली लड़कियां अच्छी नहीं मानी जातीं। इसी सोच के चलते कठोर और आसान कार्यों के बीच विभाजन हुआ और लड़कियों को बचपन से ही चूल्हा-चौके की जिम्मेदारी संभालने के लिए तैयार किया जाने लगता है। इस तरह बचपन से ही लड़कियों का शारीरिक विकास अवरुद्ध होने लगता है। साथ ही वो बाहरी दुनिया से बिल्कुल कट जाती हैं। अब ये स्थितियां बदल रही हैं, लेकिन अभी मंजिल बहुत दूर है। इस बार नवरात्र में जब कन्या पूजन करें तो अपनी बच्चियों को शारीरिक रूप से मजबूत बनाने का भी प्रण लें। ताकि वे आस-पास फटकने वाले खतरों से निपटने के लिए शारीरिक रूप से सक्षम बनें।

**शिक्षा से सशक्तिकरण:** एक शिक्षित स्त्री अपने भीतर की शक्तियों को अच्छे से पहचान कर घर-परिवार, समाज के विकास में योगदान देती है। अपने अधिकारों और कर्तव्यों को भली प्रकार जानती है। इसलिए कन्या पूजन के साथ कन्या शिक्षण भी जरूरी है। अपनी बेटियों को शिक्षित कर आत्मनिर्भर और सशक्त बनाएं।

**लोगों को परखना सिखाएं:** जहां अच्छाई है, वहां बुराई भी होगी। लेकिन बुराई से डरकर अपनी बच्चियों को घरों में कैद कर लेना बुद्धिमानी नहीं है। उन्हें बुराई की पहचान करने के लिए जागरूक बनाना होगा। किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाना होगा। जिस तरह मां दुर्गा ने बुराई का अंत करने के लिए त्रिशूल उठाया, इसी तरह हमें अपनी बेटियों को भी आत्मरक्षा के लिए साहस, शक्ति का हथियार चलाने की सीख देनी होगी।

जब हम इन बातों को ध्यान में रखकर अपनी बेटियों की परवरिश करेंगे, तभी सार्थक होगा शक्ति का पूजन और कन्या पूजन। ❀

रेसिपी
ओम प्रकाश गुप्ता

आज से चैत्र नवरात्र आरंभ हो रहे हैं। आपने आज व्रत रखा होगा और आने वाले दिनों में भी व्रत रखेंगी। इसीलिए इस बार हम आपको व्रत के दौरान खाने के लिए कुछ पौष्टिक-स्वादिष्ट फलाहार व्यंजनों की रेसिपी बता रहे हैं।

# नवरात्र में बनाएं व्रत वाले फलाहार

### साबूदाना पोटेटो पकोड़े



**सामग्री:** मध्यम आकार के उबले आलू-200 ग्राम, राजगिरे का आटा-100 ग्राम, बारीक कटा अदरक-1/2 छोटा चम्मच, बारीक कटा हरा धनिया-1 बड़ा चम्मच, बारीक कटी मिर्च-2, नीबू का रस-1 छोटा चम्मच, पिसी काली मिर्च-1/2 छोटा चम्मच, सेंधा नमक-स्वादानुसार, घी-तलने के लिए

**विधि:** आलुओं को छीलकर छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। घी छोड़कर बाकी सारी सामग्री आलुओं के साथ मिला लें। कड़ाही में घी गर्म करें। चम्मच की सहायता से आलुओं को पकोड़ों की तरह कड़ाही में डाल कर मीडियम फ्लेम पर सुनहरा होने तक तलें। अब पकोड़े निकालें और व्रत वाली हरी चटनी के साथ गर्म-गर्म सर्व करें। ❀

### राजगिरा स्वीटी



**सामग्री:** राजगिरा -3/4 कप, दूध-2 कप, कंडेंस्ड मिल्क-1/3 कप, कटा पिस्ता-2 छोटे चम्मच, आधा कटे बादाम-2 बड़े चम्मच, इलायची का पावडर-चुटकी भर

**विधि:** सबसे पहले राजगिरे को 2 कप पानी में डालकर 4 सीटी आने तक प्रेशर कुकर में उबालें। आंच बंद कर कुकर का प्रेशर अपने आप निकल जाने पर उसमें दूध मिलाकर गाढ़ा होने तक धीमी आंच पर चलाते हुए पकाएं। अब कंडेंस्ड मिल्क और इलायची पावडर मिलाकर 2 मिनट और पकाएं। इसे बाउल में निकालें। ऊपर से कटा पिस्ता और बादाम डाल कर सर्व करें। ❀

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से। हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

**खबर संक्षेप**

## पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में निशा रही प्रथम



**झज्जर।** पलवल के सरस्वती महिला महाविद्यालय में आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन टीचर एजुकेशन की बीए बीएड प्रथम वर्ष की छात्रा निशा बिश्नोई ने पहला स्थान हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया है। टीम इंचार्ज डॉक्टर राजवंती और मुकेश देवी ने बताया कि उड़ान शीर्षक से आयोजित इस राज्य स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव में निशा को प्रशस्ति पत्र व प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर संस्था निदेशक डॉक्टर ऋशि गोयल, प्राचार्या डॉक्टर संतोष, डीएसडब्ल्यू डॉक्टर रीना तक्षक आदि ने होनहार छात्रा को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### बहादुरगढ़ में मात्र चार गेट पास किसानों को मिले और कुल 419.45 क्विंटल फसल ही आई

# गेहूं 1768 और सरसों 546 क्विंटल खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

इलाके की अनाज मंडी में गेहूं की आवक के साथ खरीद भी शुरू हो गई है। सोमवार को बहादुरगढ़ और आसौदा की अनाज मंडी में कुल 1768 क्विंटल गेहूं की फसल खरीदी गई। वहीं, सरसों की खरीदारी भी लगातार जारी है। यहां बहादुरगढ़ की मंडी में 546. 30 क्विंटल सरसों की सरकारी खरीद हुई। दरअसल, एक अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू होनी थी लेकिन मंडी में सप्ताहभर तक फसल नहीं आई। सोमवार को कुछ किसान बहादुरगढ़ की अनाज मंडी में फसल लेकर पहुंचे। बहादुरगढ़ में मात्र चार गेट पास किसानों को मिले और कुल 419.45 क्विंटल फसल ही आ सकी। वहीं, दूसरी तरफ आसौदा मंडी में किसानों का रुझान अधिक रहा। वहां 26 गेट पास किसानों को मिले और कुल 1777 क्विंटल फसल आई। इस तरह कुल 2196.45 क्विंटल फसल दोनों मंडियों में आई। बहादुरगढ़ की अनाज मंडी में 384.5 तथा आसौदा में 1383.5 मिलाकर कुल 1768 क्विंटल खरीद हो सकी।



बहादुरगढ़। अनाज मंडी में आई गेहूं की फसल। फोटो :हरिभूमि

वहीं, सरसों की फसल की सरकारी खरीद स्थानीय अनाज मंडी में लगातार जारी है। दिनभर में यहां 45 गेट पास काटे गए और कुल 799.30 क्विंटल सरसों आई। जिसमें से 546.30 क्विंटल की सरकारी खरीद हुई। अभी तक बहादुरगढ़ की मंडी में 5318.20 क्विंटल सरकारी खरीद हो चुकी है। जबकि उठान 2700 क्विंटल हो चुका है। किसान सरकारी खरीद को तवज्जों दे रहे हैं। मंडी में कुछ परेशानी भी किसानों को झेलनी पड़ रही है। सरसों की फसल की फड़ पर भरमार है और अब गेहूं की आवक भी शुरू हो गई है। फड़ छोटा पड़ने के कारण किसानों को इधर-उधर फसल उतारनी पड़ रही है।

### सरसों की आवक 112554 क्विंटल, उठान हुआ 17000 क्विंटल , बनी परेशानी

**झज्जर।** अनाजमंडी में गेहूं व सरसों की हो रही लगातार आवक के कारण अनाजमंडी सरसों व गेहूं की फसल से अटा पड़ा है। धीमी गति से हो रहे उठान कार्य के कारण मंडी आढ़तियों व किसानों को परेशानी आने लगी है। अनाजमंडी सुपरवाइजर रणदीप ने बताया कि अनाजमंडी में अभी तक कुल 112554 क्विंटल सरसों की आवक दर्ज की गई हैं और 54818 क्विंटल की खरीद की जा चुकी है। साथ-साथ चलाए जा रहे उठान कार्य के चलते अब तक कुल 17000 क्विंटल सरसों की फसल का उठान किया जा चुका है। इसके अलावा अभी तक 34334 क्विंटल गेहूं की फसल की आवक दर्ज की गई है। लेकिन सोमवार को गेहूं की कोई खरीद दर्ज नहीं की गई। किसानों को एमएसपी व आढ़तियों को **मजदूरी की अदायगी के लिए पत्र जारी :** सोमवार को निदेशक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग हरियाणा, चंडीगढ़ द्वारा जारी पत्र के अनुसार प्रबंधक निदेशक हैफेड पंचकूला, प्रबंधक निदेशक एचडब्ल्यूसी व सभी जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक हरियाणा को लिखा गया है कि रबी खरीद सीजन 2024-25 एक अप्रैल से शुरू हो चुका है। इस दौरान खरीद की जाने वाली फसलों की मजदूरी की अदायगी आढ़तियों को भी किसानों को दी जाने वाली एमएसपी व मार्केट फीस की राशि के साथ-साथ करना सुनिश्चित करें।





बहादुरगढ़। बाबा लखी साह बंजारा की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते सांखोल निवासी।

## सांखोल में मनाया बंजारा दिवस

**बहादुरगढ़।** सोमवार को गांव सांखोल की बंजारा चौपाल में विश्व बंजारा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने बाबा लखी साह बंजारा की प्रतिमा पर फूलमाला चढ़ाकर उन्हें याद किया। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में धर्मचंद, बलबीर, चाब सिंह, सुरेश, वेदप्रकाश, कर्ण सिंह चौहान, रामनिवास, सुभाष, पवन, लाला, सुरेश नया गांव ,रमेश, सुरेश, प्रेम, रणबीर, बाले, मामन, बिट्टू, राजेश, अशोक, नितिन, नवीन, फौजी, विजय, काके, राकेश, सोहन, मोहन, मंजीत, सचिन, वरुण, सौरभ, विवेक, नैतिक, भव्य चौहान, आरके राठौड़ व डा अंबेडकर फाउंडेशन सांखोल के महासचिव प्रदीप तंवर आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस पिछड़ा मोर्चा के पदाधिकारियों का स्वागत

- नवनियुक्त पदाधिकारियों ने विधायक राजेंद्र सिंह जून से मुलाकात की और नियुक्ति पर आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

विधायक राजेंद्र सिंह जून ने कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के जिला व बहादुरगढ़ ब्लॉक के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया। कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष देवेंद्र यादव ने पप्पू यादव, किशोर कुमार व डीसी सैनी को जिला उप प्रधान बनाया गया है। दर्शन सैनी को बहादुरगढ़ ब्लॉक प्रधान, ओमप्रकाश आसौदिया, महिपाल स्वामी, अनिल यादव, चंद्रकांत जांगड़ा, पवन रोहिल्ला व परमिंद्र बगड़ को उप प्रधान बनाया गया है। धर्मवीर एडवोकेट को महासचिव, महेंद्र, मनीष परनाला, संजय पांचाल तथा श्याम कानोंदा को सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। इन नवनियुक्त पदाधिकारियों ने विधायक राजेंद्र सिंह जून से मुलाकात की और नियुक्ति पर आभार जताया। विधायक जून ने सभी से कहा कि वे पूरी ईमानदारी व निष्ठा से इस जिम्मेदारी को निभाते हुए कांग्रेस की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाएं। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता वेद प्रधान, श्रीनिवास गुप्ता, युवा प्रदेश सचिव प्रदीप यादव, कृष्ण व प्रकाश आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। विधायक जून का आभार व्यक्त करते कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारी।

# कबीरदास जयंती मनाने को लेकर किया विचार-विमर्श



झज्जर। सभा के दौरान मौजूद धानक समाज के प्रबुद्ध व्यक्ति। फोटो :हरिभूमि

- कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारियां सौंपी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शहर के पुराना तहसील रोड स्थित धानक धर्मशाला में धानक समाज के लोगों द्वारा एक सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता सूरजमल मदाना ने की जबकि मंच संचालन महाबीर बरहाणा ने किया। सभा में मुख्यातिथि के रूप में रामफल मुंदडिया ने शिरकत की। इस दौरान समाज उत्थान व धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर विचार-विमर्श किया गया। सभा द्वारा आगामी 24 जून को संत शिरोमणि कबीरदास की जयंती के उपलक्ष्य में एक जिला स्तरीय कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारियां भी सौंपी गई। इस मौके संजीत कबलाना, मास्टर राकेश किराड़, सतीश बागड़ी, जोगेंद्र, मास्टर जोगेंद्र देहराज, सुदाम सिंह नागर, डॉक्टर हरिओम खनगवाल, विकास नागर, राजेंद्र इटकान, अंजीत खन्ना, सुभाष गुरहिया, डॉ. जयकिशन इंदौरा, एडवोकेट नैनपाल, बलवान सरौहा, मुंशीराम मदाना, राजबीर सुरलिया, अमित नागर, मंजीत पंच, राजबीर सिंह किलोई, कृष्ण खटक, प्रवीण कायत, नंबरदार मंगतराम सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# दीपेंद्र ने बाजार में चलाया अभियान

- बहादुरगढ़ में दुकानों व घरों में जाकर जनता से संवाद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान के तहत राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने सोमवार को बहादुरगढ़ में दुकानों व घरों में जाकर जनता से संवाद किया। उनके अनुसार जनता इस बार बदलाव का मन बना चुकी है। लोकसभा चुनाव में इस बार सत्ता के अहंकार की नहीं बल्कि जनता के प्रति समर्पण की जीत होगी। इस बार खोखले दावों की नहीं बल्कि जमीन पर हुए विकास की जीत होगी। बीजेपी के पास गिनवाने के लिए कोई काम नहीं है, जबकि 10 साल से विपक्ष में होते हुए भी कांग्रेस अपने विकास कार्यों के नाम पर वोट मांग रही है। उन्होंने कहा कि अपने चुनावी वादों को भूलकर भाजपा के साथ गठबंधन करने का खामियाजा जेजेपी को भुगतना पड़ेगा। लोगों ने जिस तरह बीजेपी के 75 पार के नारे को धराशाही किया था, उसी तरह इस बार 400 पार के नारे की हवा निकालेंगे।



बहादुरगढ़। बाजार में लोगों का अभिवादन स्वीकारते दीपेंद्र हुड्डा।

# उत्कृष्ट विद्यार्थियों को किया सम्मानित

- सैनिक पब्लिक स्कूल में स्पेशल एसेंबली का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

सोमवार को सैनिक पब्लिक स्कूल में स्पेशल एसेंबली का आयोजन किया गया।

प्रधानाचार्य बीएल भारद्वाज ने नए स्टूडेंट्स का स्वागत करते हुए भूतपूर्व विद्यार्थियों की उपलब्धि के बारे में बताया। गत वर्ष में आयोजित विभिन्न खेलकूद, शैक्षणिक तथा अन्य प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल तथा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित भी किया गया। उन्होंने वंशिका, खनक, भविता, तन्वी, रिया, वंशिका, प्रियांशी, भाविका, खनक, रितिका, मनीषा, वंशिका, रिया, वंशिका, इशांत, रितेश, मोक्ष, कार्तिक, ग्रीश्म, रोहित, मेहुल, रोहित, दीपांशी, इंदू, विशाखा, अदिति, कबीर, शिवांश, चेतन, लक्ष्य, रूद्र, पारस, अभिजीत, मानव, मोहक, पूर्व, जतिन, अकांशिक, अजय, कार्तिक, राजीव, मोक्ष, मनदीप, आयुष, मोहित, विपिन, रितेश, नितिन, मयंक, पुष्कर, ऋषभ, प्रथम, बॉबी, लक्ष्य और राशि को प्रोत्साहित किया।



बहादुरगढ़। उत्कृष्ट विद्यार्थियों को सम्मानित करते बीएल भारद्वाज। फोटो :हरिभूमि

## मतदाताओं को जागरूक कर रहे सूचना व जनसंपर्क विभाग के कलाकार

**झज्जर।** लोकसभा आम चुनाव में मतदाताओं को जागरूक कर बढ़ चढ़कर मतदान करने व मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की प्रचार टीम के कलाकार गांव-गांव जाकर आमजन को वोट बनवाने के साथ ही वोट डालने के लिए प्रेरित व जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। विभाग के लीडर सतबीर सिंह, जितेंद्र, कमल सिंह, अमन,रामनिवास आदि पार्टी कलाकार ढोलक, चिमटा व हारमोनियम की धुनों पर सुण ल्यो भाई सारे मतदाताओं, वोट डाल के आना सै, आपणे हाथां तै थामनै भारत का भाग्य बनाना सै...जैसे मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाले गीत व भजन गाते हुए सहज ही लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं।

# रंगोली के माध्यम से किया मतदान के लिए जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

एल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा ने विद्यार्थियों के साथ रंगोली बनाकर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरुक किया। चुनाव का पर्व, देश का गर्व शीर्षक से बनाई गई इस आकृति के अवसर पर एसडीएम रविंद्र यादव व जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे। स्कूल प्राचार्या निधि कादियान, प्रबंधक केएम डागर आदि ने रंगोली की सराहना करते हुए विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने अभिभावकों को भी मतदान के लिए जागरुक करें। स्कूल एचओडी पिंकी अहलावत व पुष्पा यादव ने छठी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के बीच मतदान शीर्षक पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया, नीलम दहिया आदि ने भी संबोधित किया।




झज्जर। एलए स्कूल प्रांगण में बनाई गई रंगोली। फोटो :हरिभूमि



झज्जर। बाबा प्रसाद गिरी महाराज मंदिर में श्री सुंदरकांड पाठ का सामूहिक पाठन करते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

## 'दुनिया चले ना श्रीराम के बिना, राम जी चले ना हनुमान के बिना..'

**झज्जर।** बाबा प्रसाद गिरी महाराज मंदिर परिसर में श्री खेड़ापति रामायण मंडल द्वारा 36वें सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। सुंदरकांड वाचक सूबे सिंह हरित, उमाशंकर वशिष्ठ, ताराचंद बंसल, सुरेंद्र बंसल, रजनीश हरित, विकास शर्मा, हर्ष डोगरा सहित अन्य श्रद्धालुओं ने संगीतमयी श्री सुंदरकांड पाठ का वाचन किया। रजनीश हरित ने बालाजी तेरी ज्योत देखकर मन में उठी हिलोर बालाजी मने दास बना ले ना चाहिए.. उमाशंकर वशिष्ठ ने दुनिया चले ना श्री राम के बिना राम जी चले ना हनुमान के बिना.. इशिका ने राम भक्त हनुमान बालाजी मेरे घर आना और मुकुल शर्मा ने यह प्रार्थना दिल की बेकार नहीं होगी पूरा है भरोसा कभी हार नहीं होगी... भजन गाकर सभी भक्तों को आनंद में कर दिया। इस अवसर पर रुद्राक्ष हरित, कमला, संतरा, आशा रानी, कमलेश, पूनम, गर्वित, संजय परुथी, सरवन शर्मा, प्रीत, महेश, शंटी तलवार, ललित सैन, नवीन, विपिन, राज एडवोकेट, भूषण चुघ सहित अन्य श्रद्धालु भी उपस्थित रहें।


## रेखा चित्र प्रतियोगिता में भारत ने पाया पहला स्थान

**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में ललित कला समिति के तत्वावधान में रेखाचित्र प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता सेनानियों के रेखाचित्र बनाए। इसमें 16 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। पहला स्थान बीए द्वितीय वर्ष से भारत, दूसरा स्थान बीए द्वितीय वर्ष से जयश्री तथा तीसरा स्थान बीए द्वितीय वर्ष से प्रवीण ने प्राप्त किया। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के जनसंचार विभागाध्यक्ष प्रोफेसर हरीश कुमार, प्राचार्य डॉक्टर दलबीर सिंह, जनसंपर्क निदेशक सुनीत मुखर्जी एवं जनसंचार प्राध्यापक डॉक्टर नवीन कुमार ने विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।



झज्जर। होनहार प्रतिभागी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते हुए टीम सदस्य। फोटो :हरिभूमि

## प्रभातफेरी निकालकर किया जागरुक



**झज्जर।** राजकीय स्कूलों में चल रहे प्रवेश उत्सव के चलते सोमवार को शहर की राजकीय प्राथमिक पाठशाला नंबर एक के विद्यार्थियों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। स्कूल की मुख्य शिक्षिका विजय कुमारी ने बताया कि नौनिहालों को साथ लेकर निकाली गई यह प्रभातफेरी मातागेट, कच्चा सुर्खपुर रोड़, बुद्धोमाता मंदिर, शहीदी पार्क के सामने वाली कालोनी से होते हुए वापिस स्कूल पहुंची। इस दौरान विद्यार्थियों ने घर-घर अलख जगाना है, शिक्षा को बढ़ाना है तथा शिक्षा एक अनमोल रतन, पढ़ने का अब करो जतन आदि नारे लगाते हुए अभिभावकों को शिक्षा के महत्व का संदेश दिया। इस दौरान शिक्षक अरुण भटनागर, नरेंद्र, संजय भारद्वाज, अभिमन्यु, सुनीता, रीना, सीमा आदि भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि प्रवेश उत्सव के दौरान शिक्षकों द्वारा घर-घर पहुंचकर भी लोगों को अपने बच्चों का दाखिला सरकारी स्कूलों में कराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### प्रोफेसर हरीश कुमार ने जनसंचार के विद्यार्थियों से संवाद किया

# एमडीयू की समिति ने किया नेहरू कॉलेज का दौरा

- विद्यार्थियों को व्यवहारिक प्रशिक्षण पर ध्यान देना चाहिए और खुद को अपडेट रखना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में एमडीयू रोहतक की समिति ने कॉलेज मे एमए पत्रकारिता पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष की संबद्धता प्रदान करने के लिए दौरा किया। इस समिति में एमडीयू के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉक्टर हरीश कुमार, प्राध्यापक सुनीत मुखर्जी और डॉक्टरनवीन कुमार शामिल रहे। प्राचार्य डॉक्टर दलबीर सिंह ने कॉलेज में उपलब्ध ढांचागत सुविधाओं और अन्य गतिविधियों की जानकारी दी। जनसंचार प्राध्यापक डॉक्टर अमित भारद्वाज ने समिति को जनसंचार विभाग में उपलब्ध संसाधनों और मीडिया लैब के बारे में जानकारी दी।

समिति ने मीडिया लैब, पुस्तकालय, संगीत विभाग, ऑडिटोरियम और अन्य टीचिंग ब्लॉक का भ्रमण किया। प्रोफेसर हरीश कुमार ने जनसंचार के विद्यार्थियों से संवाद किया और कहा कि आज विद्यार्थियों के पास पहले से बेहतर सुविधाएं और सोशल मीडिया के प्लेटफार्म उपलब्ध हैं। विद्यार्थियों को इनका सदुपयोग करना चाहिए। लेखन और रिपोर्टिंग के लिए विषयों की कमी नहीं है।

प्राध्यापक सुनीत मुखर्जी ने कहा कि विद्यार्थियों को व्यवहारिक प्रशिक्षण पर ध्यान देना चाहिए और खुद को अपडेट रखना चाहिए। लेखन का निरंतर अभ्यास करना चाहिए और अपने कौशल विकसित करने चाहिए। डॉक्टर नवीन कुमार ने मीडिया शिक्षण के लिए उपलब्ध विभिन्न तकनीकी सुविधाओं की जानकारी दी और महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग के स्टूडियो का भ्रमण करने के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के रजिस्ट्रार राकेश पसरीजा, जनसंचार प्राध्यापिका डॉक्टर कविता, प्रवक्ता अंकुर, जितेंद्र, डॉक्टर रितु हुड्डा उपस्थित रहे।



झज्जर। कॉलेज परिसर का दौरा करते हुए एमडीयू की समिति के सदस्य।

## दाखिले के लिए अभिभावकों को किया जा रहा जागरुक

**झज्जर।** शिक्षा निदेशालय के आह्वान पर राजकीय स्कूल के शिक्षकों द्वारा शहीदी दिवस से शुरू किए गए प्रवेश उत्सव के दौरान जहां घर-घर जाकर अभिभावकों को अपने बच्चों का दाखिला सरकारी स्कूलों में कराने के लिए प्रेरित कर रहे हैं वहीं स्कूलों में दी जा रही आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं की जानकारी भी दे रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय तुम्बाहेड़ी के प्राथमिक शिक्षक अशोक कुमार व मुकेश कुमार ने गांव का दौरा करते हुए घर-घर जा कर अभिभावकों को जागरुक करते हुए पात्र बच्चों के दाखिला फार्म भरे। इस मुहिम के अंतर्गत अब तक बालवाटिका व पहली कक्षा में पंद्रह नए दाखिले किए गए हैं।



झज्जर। प्रवेश उत्सव के दौरान घर पहुंच कर बच्चों के दाखिला फार्म भरते शिक्षक।

**सूचना**

मैं, सोमबीर सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी गांव लडरावन, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा घोषणा करता हूं कि मेरा सही नाम सोमबीर सिंह है। मेरे आधार कार्ड समेत अन्य दस्तावेजों में भी सोमबीर सिंह ही दर्ज है। लेकिन मेरे पासपोर्ट नंबर एफ-5656072 में मेरा नाम गलती से सोमबीर सिंह की जगह सोमबीर लिखा हुआ है। यह 07.12.2005 को जारी हुआ था और 06.12.2015 तक के लिए वैध था। मैं पासपोर्ट में भी अपना नाम सोमबीर की जगह सोमबीर सिंह करवाना चाहता हूं।

## खबर संक्षेप

### बिजली उपभोक्ता फोरम की बैठक आज

**झज्जर।** मंगलवार को बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता कार्यालय ऑपरेशन सर्कल स्थित कांफ्रेंस हाल में उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम की बैठक उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम के चेयरमैन की अध्यक्षता में होगी। प्रवक्ता ने बताया कि बैठक सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक होगी।

### पति व जेठानी पर मारपीट का आरोप

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव झांसवा की एक महिला ने अपने पति व जेठानी पर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस को दी शिकायत अंजू पत्नी मंदीप ने बताया कि बताया कि बीती 6 अप्रैल की शाम किसी बात को लेकर उसके पति ने झगड़ा शुरू कर दिया। इसी दौरान उसकी जेठानी भी आ गई और उसने भी उसे पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान उसके पति ने बिट्टा मारकर उसे चोट पहुंचाई। सूचना मिलने के बाद में मायके वाले उसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### अवैध शराब की शिकायतों के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**झज्जर।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनावों को स्वतंत्र, निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने के लिए चुनाव के दौरान अवैध शराब की शिकायतों के निदान के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। आमजन टोल फ्री नंबर 1800-1022- 012 व फोन नंबर 0172-4112222 पर अवैध शराब से संबंधित शिकायत या सूचना दे सकता है। जिला स्तर पर स्थापित नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 01251-295092 और 01276-298200 पर अवैध शराब की शिकायत या सूचना दी जा सकती है।

### कहीं नाले ओवरफ्लो तो कहीं सड़कों पर लगे कूड़े के ढेर

# शहर में चरमराई सफाई व्यवस्था

**लोगों की दुकानदारी प्रभावित हो रही है, राहगीरों को भी करना पड़ रहा है काफी परेशानियों का सामना।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शहर की सफाई व्यवस्था पर प्रतिमाह लाखों रुपये खर्च करने के बाद भी सड़कों पर कहीं कूड़े के ढेर तो कही नाले-नालियां ओवर-फ्लो होकर सड़कों पर गंदा पानी फैल रहा है। जिसके कारण जहां लोगों की दुकानदारी प्रभावित हो रही है।

वहीं राहगीरों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन संबंधित इकाई इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। जिसके कारण लोगों का नप प्रशासन के प्रति रोष बना हुआ है।

स्थिति यह है कि दो दिन बीत जाने के बाद भी बीकानेर चौक स्थित अवरूद्ध हुए नाले को ठीक नहीं किया गया है। जिसके कारण जहां भट्ठी गेट निवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं शहीद रमेश कुमार राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को भी स्कूल पहुंचने में काफी दिक्कत हो रही है। क्यूंकि स्कूल के सामने ही गंदा पानी फैला हुआ है।




झज्जर। शहर के बीकानेर चौक पर के नजदीक फैला कूड़ा व सड़क पर फैले गंदे पानी के बीच निकलते हुए स्कूली विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

#### नालों की सफाई नहीं होने से हाल बेहाल

नालों की साफ-सफाई न होने के कारण दो दिनों से भट्ठी गेट क्षेत्र का बुरा हाल है। गंदगी से अटे नाले के कारण गंदा पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर फैल गया। जिस कारण दिनभर लोगों को दिन भर गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी कृष्ण, अनिल, संजय, संदीप, रमेश ने कहा कि यहां दो राजकीय स्कूल होने के कारण हजारों की संख्या में विद्यार्थी आवागमन करते हैं। जिसके कारण बच्चों को स्कूल जाने में भी परेशानी हुई। इसके अलावा जलभराव के कारण यहां लगने वाली सब्जी की फड़ व खाद्य पदार्थों वाली रेहड़ियों पर भी अपेक्षाकृत कम भीड़ रही। कालोनीवासियों ने जिला प्रशासन से नाले की सफाई कराकर जलभराव की इस समस्या का जल्द समाधान करने की गुहार लगाई है।

#### चौक-चौराहों पर लगे कूड़े के ढेर

शहर की सफाई व्यवस्था बदहाल है। शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर कूड़े के ढेर लगे रहते हैं। जिसके कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शहर के शिव चौक, बीकानेर चौक, सीताराम गेट क्षेत्र सहित विभिन्न स्थानों की हालत बद से बदतर है।



बहादुरगढ़। अपने काम के लिए काउंटर पर खड़े लोग। फोटो: हरिभूमि

## सर्वर डाउन के चलते लोगों को हुई परेशानी

**बहादुरगढ़।** तहसील कार्यालय परिसर में सोमवार को पहुंचे लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। सर्वर डाउन होने के कारण काम प्रभावित रहा, जिस कारण लोग इंतजार करते रहे। लोगों ने अधिकारियों को भी मामले से अवगत कराया। साथ ही काउंटर के निकट शिकायत पेटी की व्यवस्था की भी मांग उठाई है। वीरवार से यह समस्या गहराई हुई है। कभी सर्वर चल जाता है तो कभी बंद हो जाता है। इस कारण जहां कर्मचारियों को काफी काम करने में दिक्कत हुई तो वहीं काम न होने से लोगों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। सोमवार की सुबह भी यह समस्या देखने को मिली। काफी लोग फर्द आदि काम के सिलसिले में आए थे लेकिन सिस्टम चालू होने का इंतजार करते रहे। गांव सांखोल के निवासी भगवान सिंह का कहना है कि कई घंटे तक इंतजार करते रहे। कर्मचारी कहते है कि सर्वर डाउन है। वीरवार को यह समस्या उत्पन्न हुई थी। सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक चालू नहीं हुआ। इसके बाद शुक्रवार को भी लगभग यही स्थिति रही। शनिवार और रविवार को छुट्टी थी। आज सोमवार को यहां आए तो फिर से दिक्कतें झेलनी पड़ी। 117 टोकन कट हुए हैं। दोपहर ढाई बजे बाद सर्वर चालू हो सका है। हमारी मांग है कि यहां एक सीट और बढ़ाई जाए। साथ ही शिकायत पेटी की भी व्यवस्था यहां की जाए।



बहादुरगढ़। क्रॉसमिंटन के पदक विजेता हरियाणवी। फोटो: हरिभूमि

## एंजल समेत सात ने जीते कांस्य पदक

**बहादुरगढ़।** नोएडा में स्थित इंडस वैली पब्लिक स्कूल में ऑल इंडिया क्रॉसमिंटन तथा इंटरनेशनल क्रॉसमिंटन ऑर्गेनाइजेशन द्वारा चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इसमें हरियाणा के खिलाड़ियों ने भी भाग लिया। प्रदेश के खिलाड़ियों ने 7 कांस्य पदक जीते। अंडर-18 आयु वर्ग में खुशी, श्वेता, एंजेल, आदाब तथा मेहुल, प्रिंस और प्रत्यक्ष ने पदक जीते। एंजल के कोच मोहम्मद कासिम और कृष्णा हाई स्कूल के प्रिंसिपल विनोद कुमार ने कांस्य पदक जीतने पर प्रतिभावान छात्रा को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में बेटियां शानदार प्रदर्शन कर देश प्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं।

## प्लास्टिक कारोबारी को बेरहमी से पीटा

**बहादुरगढ़।** लाइनपार थाना क्षेत्र में एक प्लास्टिक कारोबारी पर कुछ युवकों ने हमला कर दिया। लात-घूसों और डंडों से वार किए गए। साथी कारोबारी की शिकायत पर इस संबंध में लाइनपार थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में नांगलोई के निवासी संदीप ने कहा है कि उसने यहां बहादुरगढ़ में निजामपुर रोड पर गोदाम ले रखा है। इसमें प्लास्टिक की छंटाई की जाती है। देर शाम को मैं व पार्टनर अनिल गोदाम में बैठे थे। इसी दौरान हमें शोर शराबे की आवाज आई तो अनिल बाहर की तरफ चला गया। कुछ देरी पर चार-पांच युवक हमारी लेबर से झगड़ रहे थे।

अनिल बीच बचाव करने लगा तो उस पर भी हमला कर दिया गया। डंडों से वार किए गए। अनिल की चीख सुनकर मैं वहां गया तो हमलावर भाग गए। इसके बाद हम अनिल को अस्पताल ले गए। जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया।

## वीरेंद्र अध्यक्ष और मुकेश बने भाविप सचिव

- रमेश गुप्ता कोषाध्यक्ष, डॉ. कुलदीप जून प्रेस प्रवक्ता और अंजली गुप्ता बनी महिला संयोजिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। वीरेंद्र कौशिक, मुकेश बंसल, रमेश गुप्ता, डॉ. कुलदीप जून व अंजली गुप्ता। फोटो: हरिभूमि

भारत विकास परिषद की बहादुरगढ़ शाखा की बैठक की हुई। बैठक का उद्देश्य अगामी सत्र की कार्यकारिणी के लिए चुनाव आयोजित करवाना था। इसमें सर्वसम्मति से नए पदाधिकारियों का चुनाव कर लिया गया। पूर्व सरपंच वीरेंद्र कौशिक को अध्यक्ष, मुकेश बंसल को सचिव और रमेश गुप्ता को कोषाध्यक्ष की जिम्मेवारी दी गई है। प्रेस प्रवक्ता की जिम्मेदारी डॉ. कुलदीप जून संभालेंगे। जबकि अंजली गुप्ता को महिला संयोजिका का दायित्व सौंपा गया है।

बैठक में भारत विकास परिषद शाखा की नई कार्यकारिणी का गठन करने के साथ ही सभी प्रकल्प और उनके संयोजक तय किए गए। बैठक में वीरेंद्र कौशिक को अध्यक्ष, मुकेश बंसल को सचिव, रमेश गुप्ता को कोषाध्यक्ष, डॉ कुलदीप जून को प्रेस प्रवक्ता बनाया गया। जबकि विजय पुनहानी संपर्क उपाध्यक्ष, मास्टर जयभगवान संस्कार उपाध्यक्ष, दीपक पवार सेवा उपाध्यक्ष और संदीप अग्रवाल को सहसचिव बनाया गया। इसके अलावा महिला संयोजिका का कार्यभार अंजली गुप्ता को सौंपा गया।

मूलचंद जोशी, डॉ. कुलदीप जून, सतीश शर्मा, प्रवीण शर्मा, हरीश बजाज, रमेश सुखीजा, अनिल शर्मा व दीपेश राठी समेत पूर्व अध्यक्षों को कार्यकारिणी में शामिल किया गया।

विभिन्न प्रकल्पों के लिए कार्यभार सौंपे गए। रक्तदान शिविर के लिए प्रवीण शर्मा, गुरु वंदन छात्र अभिनंदन के लिए डॉ. कुलदीप जून, समूहगान के लिए विनोद गिरधर, पर्यावरण के लिए दीपेश राठी, गौसेवा एमएस भाटी, नव संवत विजय पुनहानी, एनीमिया मुक्त देश के लिए शिवानी भसीन, स्वच्छता प्रकल्प के लिए डॉ. आशा शर्मा, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के लिए राजवंती शर्मा और स्वास्थ्य एवं रक्तदान के लिए डॉ. मनीष शर्मा को कार्य प्रभार सौंपा गया।

बैठक में नवसंवत व डॉक्टर अंबेडकर जयंती मनाने का भी निर्णय लिया गया।

## राठी की याद में कोर्ट में लगवाया वॉटर कूलर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। कोर्ट परिसर में वॉटर कूलर लगवाते रणजीत राठी व अन्य।

विश्व विख्यात वैज्ञानिक डॉ. जगजीत सिंह राठी की याद में उनके पौत्र एवं बार एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष रणजीत राठी ने अदालत परिसर में एक 200 लीटर का वॉटर कूलर लगवाया। इस मौके पर अधिवक्ता रविन छिल्लर, तरुण राठी, अमित दलाल, वरुण देशवाल, राजदीप छिल्लर और विनित रुहिल आदि मौजूद रहे।

बता दें कि डॉ. जगजीत सिंह का जन्म गांव भापड़ौदा के किसान परिवार में 20 मई 1926 को हुआ था। मेट्रिक में पूरे संयुक्त पंजाब में प्रथम स्थान प्राप्त कर उन्होंने छात्रवृत्ति पाई थी। विज्ञान स्नातक एवं स्नातकोत्तर की डिग्री पंजाब विश्वविद्यालय से की।

फिर लिवरपूल यूनिवर्सिटी इंग्लैंड से न्यूक्लीयर फिजिक्स में पीएचडी प्राप्त की। वेस्ट वर्जीनिया स्टेट यूनिवर्सिटी में 1965 तक एसोसिएट प्रोफेसर रहे। कॉलेज ऑफ द विलियम्स एंड वेरी में 1965 से 67 तक पढ़ाया। वर्ष 1972 से 1998 तक ओल्ड डोमिनियन यूनिवर्सिटी में फिजिक्स के प्रोफेसर के रूप में कार्यरत रहे। नासा में वरिष्ठ शोध वैज्ञानिक के रूप में लैंगली शोध केंद्र से 1978 तक जुड़े रहे। फिर 1994 तक इंस्ट्रूमेंट रिसर्च डिवीजन में चीफ साइंटिस्ट के रूप में कार्य किया। जबकि 1994 से 1998 तक एक्सपेरिमेंटल एंड टेक्नोलॉजी डिवीजन में मुख्य वैज्ञानिक के रूप में कार्य किया और 1998 से 2000 तक नासा लैंगली रिसर्च सेंटर के शोध निदेशक के रूप में कार्य किया। उनके 246 साइंटिफिक रिसर्च पेपर प्रकाशित हुए, दुनिया के 30 प्रमुख शोध संस्थानों में उन्होंने अपने भाषण दिए, 50 विज्ञान और अभियांत्रिकी पर आधारित पुस्तकों की समीक्षा की, एनवायरमेंट एंड एयरोस्पेस मैनेजमेंट साइंर्स पर आधारित दो पुस्तकों का संपादन किया। डॉ. जगजीत राठी को नासा अपोलो अचीवमेंट अवॉर्ड, नासा फ्लैग अवॉर्ड, नाशा स्पेशल ग्रुप सर्टिफिकेट मोमेंट अवॉर्ड, 6 टेक्नोलॉजी यूटिलाइजेशन अवॉर्ड, 5 यूनाइटेड स्टेट सिविल सर्विस तथा आउटस्टैंडिंग प्रोफेशनल्स अवॉर्ड प्राप्त किए। इसके अलावा 2004 में उन्हें अमेरिका में मेडल ऑफ ऑनर तथा फेम फॉर आउटस्टैंडिंग लीडरशिप 2005 में सम्मानित किया गया, 2005 में इंटरनेशनल अवार्ड ऑफ द मेरिट कैम्ब्रिज यूके में दिया गया था।

## बहादुरगढ़ बना पुलिस जिला अब नहीं जाना पड़ेगा झज्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



पुलिस संबंधित कार्यों के लिए बहादुरगढ़ इलाके के लोगों को अब झज्जर के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। झज्जर जिले में पुलिस कमिश्नरी लागू होने के बाद बहादुरगढ़ डिवीजन को पुलिस जिला घोषित कर दिया गया है। बहादुरगढ़ इलाके में कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी उपायुक्त मयंक मिश्रा को सौंपी गई है।

बहादुरगढ़ इलाके में सिटी, लाइनपार, बादली, आसौदा, महिला थाना, सेक्टर-6 तथा सदर थाने आते हैं। इन थाना क्षेत्रों में किसी व्यक्ति को किसी तरह की परेशानी होती है तो वह बहादुरगढ़ में ही बालोर रोड स्थित लघु सचिवालय परिसर में पुलिस उपायुक्त मयंक मिश्रा से अपनी समस्याओं के संबंध में मिल सकता है। पुलिस जिला घोषित होने के बाद बहादुरगढ़ वासियों को पुलिस संबंधित कार्यों के लिए अब झज्जर जाने की आवश्यकता नहीं है। बहादुरगढ़ में ही पुलिस अधीक्षक रैंक के अधिकारी को नियुक्त किया गया है। लघु सचिवालय बहादुरगढ़ में पुलिस उपायुक्त मयंक मिश्रा शिकायतकर्ताओं से रूबरू होकर उनकी समस्याओं के समाधान बारे संबंधित थाना प्रबंधकों को उचित दिशा निर्देश करेंगे। बता दें कि इससे पहले विभिन्न समस्याओं के संबंध में यहां के लोगों को झज्जर का रुख करना पड़ता था। ऐसे में कई किलोमीटर का सफर तय करने के चलते समय की बर्बादी के साथ-साथ लोगों को परेशानी भी झेलनी पड़ती थी।

## ब्लैक फिल्म चढ़ी 125 गाड़ियों के कटे चालान

- गाड़ी पर ब्लैक फिल्म लगवाने वालों पर साढ़े 12 लाख जुर्माना भी लगाया

**बहादुरगढ़।** गाड़ियों के शीशों पर काली फिल्म चढ़ाने के शौकीन लोगों के खिलाफ झज्जर पुलिस की ओर विशेष अभियान चलाया गया। एक से सात अप्रैल तक चले इस अभियान में पुलिस ने ब्लैक फिल्म चढ़ी 125 गाड़ियों के चालान किए और साढ़े 12 लाख रुपये जुर्माना लगाया गया। इसके साथ ही नियमों की अनदेखी करने पर 1910 वाहन चालकों के चालान काटे गए हैं। कई आपराधिक वारदातों में ब्लैक फिल्म चढ़े वाहन संलिप्त पाए जाते हैं। इसके अलावा युवाओं में भी गाड़ियों के शीशे काले करने का ट्रेंड बना हुआ है। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ये सही नहीं मानती। इसलिए अक्सर इस तरह के वाहनों पर पुलिस सख्ती दिखाते हुए चालान करती है। इसी दिशा में एक से सात अप्रैल तक विशेष अभियान चलाया गया। ट्रैफिक एसएचओ विकास कुमार ने बताया कि ब्लैक फिल्म लगी 125 वाहन चालकों के चालान किए गए हैं। प्रत्येक चालान का जुर्माना दस हजार रुपये है। वहीं, गलत दिशा में वाहन चलाने वाले 374, बिना नंबर प्लेट व बिना पैटर्न नंबर प्लेट के 191 वाहन चालकों के चालान किए गए। उन्होंने बताया कि यह अभियान अपराधिक गतिविधियों को रोकने व यातायत के नियमों की पालना सुनिश्चित करवाने के लिए चलाया गया था। इस अभियान के तहत बीते सात दिन के दौरान झज्जर पुलिस की विभिन्न टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर चेकिंग की। लोगों को जागरूक किया, साथ ही सख्ती दिखाते हुए कार्रवाई भी की। यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और यातायात के नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ सख्ती जारी रहेगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## गैंगस्टर अमित की रिमांड अवधि समाप्त

- डेढ़ महीने बाद भी अनसुलझी है पूर्व विधायक नफे सिंह राठी की हत्या की गुत्थी

**बहादुरगढ़।** पूर्व विधायक नफे सिंह राठी हत्याकांड में प्रोडक्शन वारंट पर लाए गए गैंगस्टर अमित गुलिया की रिमांड अवधि समाप्त हो गई है। मंगलवार को वह अदालत में पेश किया जाएगा। संभवतः उसे न्यायिक हिरासत भेजा जा सकता है। आठ दिन की रिमांड अवधि में उससे क्या कुछ खुलासे हुए, अभी पुलिस ने यह स्पष्ट नहीं किया है। गत 25 फरवरी को पूर्व विधायक नफे सिंह राठी और उनके साथी कार्यकर्ता जयकिशन की गोलियां मारकर हत्या की गई थी। कार में सवार होकर आए चार बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दिया था। इनमें से दो शूटर आशीष, सौरव व गाड़ी उपलब्ध कराने वाले बदमाश धर्मेंद्र को जेल भेजा जा चुका है। इस हत्याकांड में ब्रिटेन बेस्ड गैंगस्टर कपिल सांगवान उफ नंदू का नाम सामने आ रहा है। मामले में पकड़े जा चुके तीन अपराधी व फरार अतुल तथा नकुल भी इसी गैंग के हैं। इस केस की तह तक जाने के लिए पुलिस मंडोली जेल में बंद नंदू के नजदीकी बदमाश अमित गुलिया को एक मार्च को प्रोडक्शन पर लाई थी। चर्चा है कि इसी ने शूटर सौरव व आशीष की व्यवस्था की तथा उन्हें सिग्नल एप से नंदू को संपर्क करने के लिए कहा था। इसलिए उसे आठ दिन के रिमांड पर लिया गया था। एक पुलिस कर्मी की मानें तो अमित से मामले में कोई खास जानकारी नहीं मिल सकी है। ऐसे में मंगलवार को अदालत में पेश करने के बाद उसे जेल भेजा जा सकता है। खैर, लगभग डेढ़ महीने बाद भी इस वारदात के कारण और साजिशकर्ताओं का खुलासा नहीं हो सका है। मामले में केवल तीन गिरफ्तारियां हो सकी हैं। परिजन व समर्थक न्याय के इंतजार में हैं।



बहादुरगढ़। धावकों व आयोजकों के साथ दिनेश कौशिक। फोटो: हरिभूमि

## कौशिक ने किया धावकों को प्रोत्साहित

**बहादुरगढ़।** अंबेडकर स्टेडियम में भारत एकता सेवा समिति द्वारा आयोजित हिंदू नव वर्ष दौड़ प्रतियोगिता में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सेवामूर्ति दिनेश कौशिक ने बतौर मुख्य अतिथि आयोजकों को 11 हजार रुपए देकर प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। समिति प्रधान तेजपाल सैनी, मनोज कुमार, ललित शर्मा, भोलू बुपनिया, कमल शेखावत व ललित गुप्ता आदि मौजूद रहे। वहीं शेखर दिनेश कौशिक ने मांडोठी में हुए दंगल में शिरकत करते हुए पहलवानों का उत्साह बढ़ाया। साथ ही आयोजकों को 11 हजार रुपए का सहयोग किया।

## ऑनलाइन फ्रॉड होने पर 1930 पर करें कॉल



**झज्जर।** आजकल पढ़े-लिखे लोग भी घर बैठे रुपये कमाने के चक्कर में साइबर ठगी के शिकार हो रहे हैं। डीसीपी डॉक्टर अर्पित जैन ने बताया कि जिला पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा स्कूलों, कॉलेज, सार्वजनिक स्थानों, कंपनियों व फैक्ट्री आदि में जाकर लोगों को साइबर फ्रॉड के बारे में जागरूक किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की ऑनलाइन ठगी होने पर तुरंत 1930 पर कॉल करें। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को मोबाइल पर आने वाले ओटीपी व बैंक खाते संबंधी कोई भी जानकारी न दें। ठग बैंक अधिकारी बन कर ठगी करते है।

### वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में किया प्लेसमेंट फेयर का आयोजन

# 35 ने दिए इंटरव्यू और 15 का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। प्लेसमेंट फेयर में साक्षात्कार देती भावी अध्यापिकाएं। फोटो: हरिभूमि

सोमवार को वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ में प्लेसमेंट फेयर का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के विभिन्न प्रतिष्ठित स्कूलों के प्रिंसिपल, अध्यापकों व अध्यापिकाओं ने भाग लिया। नौकरी पाने की इच्छुक बीएड व एमएड की 35 भावी अध्यापिकाओं ने इंटरव्यू दिया। उन्होंने अपनी प्रेजेंटेशन मॉडल, पीपीट., वर्किंग मॉडल, चार्ट, फ्लैश कार्ड आदि के माध्यम से दी। इनमें 15 छात्राओं का अलग-अलग विद्यालयों में चयन हुआ। प्लेसमेंट फेयर की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके की गई। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने डीएवी स्कूल, शिवम भारती स्कूल, शक्ति विद्या मंदिर स्कूल, मान सिंह हाई स्कूल, वैश्य आर्य कन्या स्कूल आदि विद्यालयों से आए प्रिंसिपल, अध्यापकों व अध्यापिकाओं का स्मृति चिन्ह, माला, पटका और पौधा देकर स्वागत किया। उनके अनुसार युवा बीएड व एमएड पूरा करने के बाद शिक्षण से इतर भी अन्य विकल्प चुन सकते हैं। प्रशासन या परामर्श, कॉलेज, स्कूल, कोचिंग सेंटर, शैक्षणिक परामर्श, अनुसंधान एजेंसियां व होम ट्यूशन जैसे अनेक विकल्प मौजूद हैं। कार्यक्रम का आयोजन करियर गाइडेंस और प्लेसमेंट सेल प्रभारी किरण मलिक व डॉ. सुषमा राठी द्वारा किया गया। स्कूल निदेशक प्रवीण शर्मा, अनिल शर्मा, प्रिंसिपल राजदीप कुलश्रेष्ठ ने भावी अध्यापिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए राष्ट्र निर्माण में उनके सहयोग की सराहना की।